### एक नजर में

## कलेक्टर नीतू माथुर ने की निक्षय मित्र बनने की अपील



**आलीराजपुर** । कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर नीतू माथुर ने उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों से स्वेच्छा से एक टीबी रोगी को गोद लेने और उसके पोषण आहार में सहयोग हेतु निक्षय मित्र बनने की अपील की। कलेक्टर माथुर ने कहा कि निक्षय मित्र योजना स्वास्थ्य विभाग की एक जनहितकारी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत को टीबी मुक्त बनाना है एवं टीबी रोगी को पोषण युक्त आहार प्रदान करना है ताकि वह जल्दी स्वस्थ हो। उन्होंने आम नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे भी निक्षय मित्र बन कर टीबी रोगियों के स्वास्थ्य सुधार में सहयोगी बनें। इस पहल में एक निश्चित अवधि के अंतर्गत टीबी रोगी की सहायता की जाती है जिसमें ।एक सप्ताह के 250 रुपए की एक पोषण आहार युक्त बास्केट टीबी मरीज को दी जाती है ।जिससे रोगियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना ,रोगियों को अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान करना,रोगियों की आजीविका सुधार हेतु सहायता दी जाती है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ . अर्चना राठौर एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिन, चेन्नई में प्रतिभागिता करने रवाना



**झाबुआ.** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की बहनों हमारे भारत की महिला टीम के अद्भुत खेल प्रदर्शन से 52 रनों सेर साउथ अफ्रीका की टीम को फाइनल में हरा कर विश्व विजेता का खिताब भारत के नाम किया इस उपलक्ष में अध्यक्ष मंजू चौहान के नेतृत्व में एक छोटी सी पार्टी का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना राठौर के निवास स्थान पर किया किया क्योंकि वे आज एशियन गेम्स में भाग लेने चेन्नई रवाना हो रही थीं। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की अध्यक्ष मंजु चौहान , उपाध्यक्ष अनिता पंवार, सचिव दीपिका चौहान एवं नीतू सिकरवार, संगठन महामंत्री भारती राठौर, कोषाध्यक्ष वंदना तोमर ने महिला भारतीय टीम के विजेता होने की बधाई देते हुए डॉ. अर्चना राठौर का एशियन गेम्स में सम्मिलित होने के लिए स्वागत कर शुभकामनाएं दी एवं उनके साथ ही अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के अन्य बहनों ने शुभकामना संदेश देकर चेन्नई के लिए रवाना कर अपनी इस दोगुनी खुशी का इज़हार किया ।इस अवसर पर गुड मॉर्निंग क्लब की महिला इकाई अध्यक्ष प्रफुल्ल शर्मा ने विशेष रूप से घर पर आकर स्वागत कर शुभकामनाएं दी। इसके ही साथ प्रदेश एवं जिला मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव कोमल बारिया एवं समस्त सदस्य, गुड मोर्निंग क्लब के महिला एवं पुरुष ईकाई, जिला अभिभाषक संघ, सामाजिक महासंघ, राजबाड़ा मित्र मंडल, राजगढ़ नाका मित्र मंडल, भाजपा नगर मंडल, परहित जन सेवा संस्था, मानव अधिकार एवं महिला बाल विकास परिषद, संकल्प ग्रुप , स्त्री शक्ति ग्रुप , रोटरी क्लब एवं झाबुआ के अन्य गणमान्य नागरिकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## दीक्षा दिवस पर दर्शन यात्रा का आयोजन



**पेटलावद** श्री वर्धमान जैन स्थानकवासी श्रावक संघ पेटलावाद के 150 श्रावक श्राविकाएं रतलाम विराजित धर्मदासगण नायक प्रवर्तकदेव जिनेंद्र मुनिजी म.सा. के दर्शनार्थ पहुंचे ।आपको बता दें कि 1 नवंबर को पेटलावद गौरव पूज्या अनुपमशीला मसा की 34 वी दीक्षा तिथि भी थी ।पु. अनुपमशीला जी म.सा. ने आचार्य भगवंत पूज्य गुरुदेव श्री उमेश मुनिजी म.सा.से 1991 के चातुर्मास काल मे ही दीक्षा ग्रहण की थी ।इस हेतु विशेषकर इस यात्रा का आयोजन किया गया ।सभी ने वहां प्रवर्तक श्री के दर्शन कर सुख साता पूछी ।दर्शन यात्रा का लाभ भी सांसारिक परिवार श्रीमती प्रेमलता शैतानमलजी कटकानी, पुष्पेंद्रकुमार ऋषभकुमार कटकानी परिवार पेटलावद द्वारा लिया गया। इन्ही के द्वारा प्रभावना भी वितरित की गई ।सम्पूर्ण यात्रा धर्ममय वातावरण के साथ आराध्य को समर्पित रही

## दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष परीक्षण शिविर आयोजित



**झाबुआ.** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार झाबुआ जिले में 18 वर्ष से कम आयु के दिव्यांग बच्चों का लगातार शिविरों के माध्यम से परीक्षण किया जा रहा है ।शिविरों की प्रगति की समीक्षा हेतु आज 03 नवम्बर 2025 को उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री पंकज साँवले द्वारा जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र झाबुआ में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं विभागीय कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक बच्चे की सूक्ष्मता से जांच कर सटीक दिव्यांग प्रमाणपत्र तैयार किए जाएं। आज आयोजित इस विशेष शिविर में 18 वर्ष से कम आयु के 70 बच्चों के नवीन दिव्यांग प्रमाणपत्र एवं 95 यूडीआईडी कार्ड बनाए गए।

## 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**झाबुआ.** पुलिस अधीक्षक ( रु.क्र ) शिवदयाल सिंह ने कहा अपराधी चाहे कितने भी शातिर हो जाए , अब उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा , पुलिस लगातार इनकी सभी गतिविधियों पर नजर रख रही हे , पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से अपील की है कि अपराधियों की सूचना या किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर अपने निजी पुलिस थाने या कंट्रोल रूम पर सूचना करे ।

# झाबुआ जिले में लंपी वायरस ने दी दस्तक

- गो माता की देखभाल के लिए कोई नहीं, बस नाम के ही गो रक्षक ??
- पशुओं में दिख रहे लक्षण, पशु चिकित्सालय और प्रशासन के इंतजाम नाकाफी





**झाबुआ**। जिले में लंपी वायरस ने दस्तक दे दी है। पशुओं में यह रोग होने से उनके शरीर पर गठान बनने के साथ घांव आदि के निशान और चकते उभर रहे है। लंपि वायरस से ग्रसित पशु शारीरिक रूप से कमजोर भी देखने को मिल रहे है। यह संक्रामक बिमारी होने से पशुओं में तेजी से फैल रहीं है।

वहीं पशुओं में इस बीमारी से रोकथाम एवं आवश्यक सावधानियों के संबध में प्रशासन एवं पशु चिकित्सालय प्रबंधन के इंतजाम नाकाफी दिखाई पड़ रहे है। पशुओं में लंपी वायरस जानलेवा बिमारी होने के बावजूद ना तो प्रशासन और ना ही पशु चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कोई विशेष पहल की जा रहीं है। विभिन्न संस्थाओं एवं पशु विभाग द्वारा केवल औपचारिक रूप से टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके भी सार्थक परिणाम सामने नहीं आ रहे है। शहर में विचरण करने वाली गायों में अधिकाशत: शरीर में गठान, घाव होने के साथ ऐसे पशु कमजोर भी देखने में नजर आ रहे है। हाल ही में कृषि उपज मंडी प्रांगण में भी एक गाय के बछड़े में लंपि वायरस का प्रकोप देखने को मिला। वहीं शहर में विचरण करने वाली कई गायों में भी लंपि वायरस के लक्षण सामान्यत: दिखाई पड़ रहे है। पशु मालिकों द्वारा भी पशुओं को लापरवाहीपूर्वक छोड़ देने के साथ स्थानीय प्रशासन नगरपालिका और पशु चिकित्सा विभाग द्वारा भी कोई कारगर कदम उठाए नहीं जा रहे है।

**लंपी वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा** - शहर में खुले में विचरण करने वाले पशुओं में लंपि वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इस बिमारी से ग्रसित पशु ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाते है एवं तड़प-तड़प कर उनकी मृत्यु हो जाती है। लंपि वायरस अत्यंत ही खतरनाक एवं घातक बिमारी होने के साथ पशुओं में तेजी से फैलती है और पशु कमजोर पड़ने लगते है।

**विशेष पहल करने की आवश्यकता**

जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन नगरपालिका एवं पशु चिकित्सालय प्रबंधन को भी जिले में लंपी वायरस से ग्रसित पशुओं को चिन्हीत कर उनका समुचित उपचार करने एवं यह बिमारी अन्य पशुओं में ना फैले, इस हेतु रोकथाम के दृष्टिगत सभी पशुओं को टीके लगाकर उनकी देखरेख के इंतजाम करने की आवश्यकता है। यदि समय रहते प्रशासन और पशु चिकित्सालय सचेत नहीं हुआ, तो पशुओं में इसके घातक परिणाम सामने आएंगे।



## न्यायोत्सव : विधिक सेवा सप्ताह

**आलीराजपुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आलीराजपुर के मार्गदर्शन में ''न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह'' के सफल आयोजन के संबंध में पैरालीगल वॉलेंटियर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया।**

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 09 नवंबर 2025 से दिनांक 14 नवंबर 2025 तक न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाना है, जिसके अंतर्गत विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साप्ताहिक जागरूकता/साक्षरता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जावेगी, जिसमें मैराथन दौड, विधिक सेवा प्रदर्शनी, बाईक रैली, विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर, जेल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड नाटक आदि गतिविधियां शामिल है।

बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उपस्थित पैरालीगल वॉलेंटियर्स को न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा उक्त अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुदूर ग्रामीण क्षैत्रों में करने हेतु निर्देशित भी किया गया।

## पीएचई विभाग में हैंडपंप संधारण कार्य हेतु ठेकेदार द्वारा लगाए वाहन को कार्यलीन परिसर में ही रखना होगा और स्वयं के व्यय पर गांव फलियों तक पहुंचाना होगी

**झाबुआ - जिले में पीएचई विभाग द्वारा हैंडपंप संधारण कार्य हेतु स्वीकृत निविदाओं में आदेशित फर्म या ठेकेदारों को अनुबंध अवधि में संधारण सामग्री व मजदूरों को केंद्रीय भण्डार गृह से हैंडपंप स्थल तक लाने एवं ले जाने की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं के व्यय पर करना होगी , साथ ही हैंडपंप संधारण कार्य में लगाए गए वाहन को कार्यालयीन परिसर में ही रखना होगा । निविदा में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है संपूर्ण कार्य परिवहन सहित ।**



जिले में विभिन्न ब्लाकों में पीएचई विभाग द्वारा हैंडपंप संधारण कार्य ठेकेदार पद्धति से किया जाता है इस हेतु विभाग द्वारा कुछ माह पूर्व ऑनलाइन निविदा भी आमंत्रित की गई तथा एक ब्लॉक की निविदा को निरस्त कर ,पुनः निविदा आमंत्रित कर तत्काल निविदा को स्वीकृत कर आदेशित किया गया , जबकि करीब तीन माह पूर्व आमंत्रित निविदाओं में से, खबर लिखे जाने तक कुछ स्वीकृत तक नहीं की गई थी । जिले के राणापुर ,मेघनगर, थांदला, पेटलावद, रामा व झाबुआ ब्लॉक हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई ।खबर लिखे जाने तक रामा ब्लॉक, मेघनगर व थांदला ब्लाक की निविदाओं को पीएचई के इंदौर एससी कार्यालय से स्वीकृत हो चुकी हैं ।निविदा में उल्लेखित शर्त अनुसार ठेकेदार को हैंडपंप संधारण कार्य हेतु सामग्री केन्द्रीय भण्डार गृह से प्राप्त करना होगी । विशेष रूप से हैंडपंप संधारण कार्य हेतु मजदूरों को एवं संधारण सामग्री को केन्द्रीय भण्डार गृह या अनुविभागीय कार्यालय से हैंडपंप स्थल तक लाने एवं ले जाने की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं के व्यय पर करना होगी और इस हेतु ठेकेदार को अलग से भूगतान नहीं मिलेगा । एक ओर विशेष शर्त इस निविदा में बताई गई है अनुबंध अवधि में ठेकेदार द्वारा कार्य संपादन हेतु लगायें गए, वाहन को संधारण कार्य हेतु आकस्मिक कार्य संपादन को ध्यान रखते हुए , वाहन को कार्यालय परिसर में ही रखना होगा । इसमें वाहन में जीपीएस को लेकर निर्देश है या नहीं । जांच का विषय है ।जिससे संधारण कार्य प्रभावित न हो । याने अब ग्रामीण इलाकों के गांव व फलियों में हैंडपंप खराब होने पर ग्रामीणजन को सिर्फ पीएचई विभाग को सूचना देना होगी ।इसके बाद समयावधि में ठेकेदार द्वारा दुरूस्त किया जावेगा । जिले में हैंडपंप खराब होने पर जिले के ग्रामीण इलाकों में से ग्रामीणों को स्वयं के खर्च पर गांव या फलियों से हैंडपंप सामग्री को लाना नहीं होगा और नियमानुसार ठेकेदार को लाना होगा और फिर स्वयं के खर्च पर पुरानी सामग्री विभाग में जमा करना होगी । नियमानुसार संपूर्ण कार्य संबंधित ठेकेदार या फर्म को अपने खर्च पर करना होगा । वही आंमत्रित निविदा में स्पष्ट रूप से शर्त का उल्लेख किया गया है कि संपूर्ण निविदा कार्य में मजदूरी और परिवहन ठेकेदार या फर्म का रहेगा । वही हैंडपंप मेकेनिको को भी सामग्री भण्डार गृह से गांव फलियों तक स्वयं के खर्च पर नहीं ले जाना होगी । इसका पूर्ण परिवहन ठेकेदार को अपने स्वयं के व्यय और निविदा शर्त अनुसार करना होगा ।

**पीएचई के कार्यपालन यंत्री को नियमानुसार ठेकेदार को निर्देश दिए जाना चाहिए**

विभाग के ईई को स्वीकृत निविदा में संबंधित ठेकेदार या फर्म को हैंडपंप संधारण कार्य हेतु आकस्मिक कार्य संपादन को दृष्टिगत रखते हुए लगायें गए वाहन को कार्यालीन परिसर में ही रखने को लेकर दिशा निर्देश जारी करने चाहिए ।और वाहन से संबंधित जानकारी भी विभाग के पास उपलब्ध होना चाहिए और समस्त ब्लाकों में संधारण कार्य में लगे वाहन की जानकारी भी उपलब्ध कराना चाहिए । जिससे संधारण कार्य प्रभावित न हो और ग्रामीण जन पानी के लिए परेशान न हों । साथ ही ठेकेदार को खराब हैंडपंप में से निकाली गई सामग्री को विभाग के भण्डार गृह में जमा भी कराना होगी ।इसके लिए अलग से भूगतान नहीं दिया जावेगा ।

## युवा भजन गायक, धर्मनिष्ठ एवं कर्मनिष्ठ उमेश पांडे का स्वर्गावास

### माधोपुरा स्थित मुक्तिधाम पर हुआ अंतिम संस्कार



**झाबुआ।** सर्व ब्राम्हण समाज युवा संगठन के आधार स्तंभ, मीडिया प्रभारी एवं परम् हनुमान भक्त, हर किसी के चहेते उमेश पिता स्व. महेश पांडे उम्र 41 वर्ष का 2 नवंबर, रविवार रात 10.30 बजे चोईथराम चिकित्सालय इंदौर में उपचार के दौरान स्वर्गावास हो गया। अंतिम यात्रा 3 नवंबर, सोमवार दोपहर 11 बजे निवास स्थान केशव नगर से निकालकर अंतिम संस्कार माधोपुरा स्थित मुक्तिधाम पर किया गया।

उल्लेखनीय है कि उमेश पांडे विगत दिनों शहर के लक्ष्मीनगर स्थित अंबा रिसोर्ट में आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमंत चरित्र कथा में शामिल होने एवं भजनों का आनंद लेने के दौरान अंतिम दिवस 29 अक्टूबर को अचानक से उनका स्वास्थ्य गडबड़ाया और चक्कर खाकर गिर गए। परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार पश्चात् चोईथराम चिकित्सालय में इलाज हेतु भर्ती किया गया। जहां बीते 3-4 दिनों से इंदौर चिकित्सालय में ही उपचार चल रहा था। 2 नवंबर, रविवार रात 10.30 बजे निधन हो गया। ज्ञातव्य रहे कि उमेश पांडे युवा भजन गायक होकर उमेश पांडे श्री सुंदरकांड मंडल झाबुआ के संचालनकर्ता थे। श्री पांडे शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय रानापुर में पदस्थ होकर अपना कार्य बखूबी निर्वहन करने के साथ धार्मिक कार्यों एवं कार्यक्रमों में विशेष रूचि थी। अपना जीवन धर्म-कर्म में पूरी तरह से व्यतीत किया।

**दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि**- अंतिम यात्रा में सर्व ब्राम्हण समाज के साथ शहर के गणमान्यजनों आदि ने बड़ी संख्या में शामिल होकर अंतिम संस्कार माधोपुरा मुक्तिधाम पर हुआ। जहां मुखाग्नि विकास पांडे ने दी। उनके एक अन्य भाई आशीष पांडे लोक रंग झाबुआ के संस्थापक और युवा कलाकार है।

उमेश पांडे के आकस्मिक स्वर्गावास पर मुक्तिधाम पर सभी ने दो मिनिट का मौन रखकर मृतात्मा की आत्म शांति हेतु प्रार्थना की। वहीं श्री पांडे के निधन पर सर्व ब्राम्हण समाज, श्री रामायण मंडल, राष्ट्रीय गौ-सेवा संघ, लोक रंग संस्था सहित अन्य गणमान्यजनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया है।

## 24 घंटे में प्रात : 08 बजे तक 0 .7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**आलीराजपुर.** जिले में बीते 24 घंटे में प्रात: 08 बजे तक 0.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार आलीराजपुर में 0.0 मि.मि ,जोबट में 0.0 मि.मि ,उदयगढ़ में 0.0 मि.मि, च. शे. आ. नगर में 4.4 मि.मि, कट्ठीवाड़ा में 0.0 मि.मि , सोण्डवा में 0.0 मि.मि कुल 4.4 मि.मि वर्षा हुई। जिले में 01 जून से 03 नवम्बर तक 1302.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के आलीराजपुर में 1587.0 मि.मि, जोबट में 1035.7 मि.मि, उदयगढ़ में 1154.6 मि.मि ,च. शे. आ. नगर में 1375.5 मि.मि, कट्ठीवाड़ा में 1944.5 मि.मि, सोण्डवा में 720.0 मि.मि कुल 7817.3 मि.मी दर्ज की गई ।गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1569.9 मिलीमीटर थी। उक्त जानकारी अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी.



## खाद की बोरियों केनीचे दबने से मजदूर की मौत

**मेघनगर।** जिले के मेघनगर स्थित एग्रोफॉस इंडिया लिमिटेड खाद फेक्ट्री में दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें फेक्ट्री में काम कर रहे एक मजदूर की खाद की भारी बोरियों के नीचे दबने से मृत्यु हो गई। जिसके बाद फेक्ट्री के समस्त मजदूरों में आक्रोश है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मजदूर फेक्ट्री परिसर में ट्रक में खाद की बोरियां लोड कर रहे थे, तभी इसी दौरान अचानक ऊंचाई पर रखी भारी बोरियां गिर पड़ी। जिसके नीचे मजदूर सुनिल पिता रमेश बारदेव उम्र 25 वर्ष निवासी सातरूंडा केलुपाड़ा जिला रतलाम दब गया। घटना के बाद फेक्ट्री में हड़कंप मच गया। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब 20 मिनिट तक प्रयास कर सुनिल को बाहर निकाला। मृतक के भाई राहुल बारदेव ने बताया कि हम दोनो भाई गाड़ी से खाद की बोरियां खाली कर रहे थे। तभी अचानक ऊपर रखी बोरियां गिर पड़ी और सुनिल उसके नीचे दब गया। जब तक उसे निकाला गया, तब तक वह बेहोश हो चुका था। फेक्ट्री में किसी वाहन की व्यवस्था नहीं होने पर मोटरसाईकिल से उसे चिकित्सालय उपचार के लिए ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। उक्त घटना के बाद मजदूरों में आक्रोश और शोक का माहौल है।

**एक नजर** कृषि उपज मंडी प्रांगण पेटलावद में हुई संयुक्त बैठक, आगामी कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

## अखिल भारतीय स्वयं सहायता समूह एवं रसोइन संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**पेटलावद..स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण पेटलावद में आज अखिल भारतीय स्वयं सहायता समूह संघ एवं रसोइन संघ की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में पेटलावद तहसील के समस्त समूहों की अध्यक्ष, सचिव एवं रसोइयां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।**



बैठक का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों एवं रसोइयों को कार्य के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श करना तथा उनके समाधान हेतु आगामी रणनीति बनाना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि इन समस्याओं को लेकर आगामी 17 नवंबर को माननीय मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर झाबुआ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले समूचे प्रदेश में एक साथ सभी जिलों के कलेक्टरों को सौंपा जाएगा। साथ ही बैठक में यह भी तय किया गया कि 30 नवंबर को पेटलावद नगर में स्वयं सहायता समूहों की एक विशाल सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें संघ की प्रदेश अध्यक्ष लीला नागपुरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और समिति का गठन भी किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वनवासी एवं ग्रामीण मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधु सिंह भाभर, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री सोमजी भूरिया, वनवासी ग्रामीण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष सुरजी भगोरा एवं समूह संघ की तहसील अध्यक्ष राधा डामर उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समूहों की भूमिका की सराहना की और कहा कि स्वयं सहायता समूह आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुके हैं। साथ ही, उन्होंने रसोइयों की कार्यस्थितियों में सुधार और उचित मानदेय की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बैठक में उपस्थित सभी समूह पदाधिकारियों ने एकजुट होकर अपने हक और अधिकारों की आवाज़ बुलंद करने का संकल्प लिया तथा आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया।

बैठक का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सिसोदिया ने किया और अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।